दिन– मंगलवार

दिनांक– 25 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. देश में यूपीआई की शुरूआत के दस साल पूरे हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज वैशाली के बिदुपुर से विद्यार्थी सहयोग शिविर की शुरूआत की। हर महीने के चौथे मंगलवार को लगेगा शिविर।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – छात्रों की अधिकतर मांगें मान ली गयी हैं। विपक्ष के झांसे में न आएं छात्र।

04. और, गंगा नदी में उफान से बक्सर, पटना, खगड़िया, मुंगेर और भागलपुर के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात। प्रशासन सतर्क।

**अब समाचार विस्तार से.........**

———————————————————————

देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई प्रणाली की शुरूआत के आज दस वर्ष पूरे हो गए। आज ही के दिन दो हजार सोलह में यूपीआई की शुरूआत हुई थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्र की इस डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि यूपीआई प्रणाली का शुरू होना भारत के डिजिटल भुगतान इतिहास का सबसे बड़ा निर्णायक क्षण रहा है। उन्होंने देशवासियों से यूपीआई के साथ अपने अनुभव साझा करने को कहा है।

———————————————————————

हमारे संवाददाता ने बताया है कि इन दस वर्षों में यूपीआई के लेन–देन की संख्या में लगभग तेरह हजार गुना वृद्धि हुई है। एक रिपोर्ट...

––रिपोर्ट––

यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है और यह लोगों को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहा है। महज 10 वर्षों में यूपीआई भारत में डिजिटल भुगतान के तरीकों को पूरी तरह से बदल दिया है। इसके माध्यम से लेनदेन त्वरित, सरल और अधिक सुलभ हो गया है। यूपीआई की बड़े पैमाने पर तेज और भरोसेमंद सेवा को पूरी दुनिया में सराहा गया है। जिसके कारण आज यूपीआई प्रणाली को 11 देशों ने अपनाया है इनमें फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, श्रीलंका, भूटान और मॉरीशस जैसे देश शामिल हैं। आज दुनिया में होने वाले हर दो रियल टाइम डिजिटल भुगतान लेनदेन में से लगभग एक भारत में होता है। दुनिया भर में होने वाले डिजिटल भुगतान लेनदेन में यूपीआई के हिस्सेदारी लगभग 49 प्रतिशत है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैशाली के बिदुपुर स्थित कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित कार्यक्रम में आज से राज्य में विद्यार्थी सहयोग शिविर का शुभारंभ किया। विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक और संस्थागत समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विद्यार्थी सहयोग शिविर प्रत्येक महीने के चौथे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन शिविरों में विद्यार्थियों को अपनी शिकायतें और सुझाव दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। प्राप्त शिकायतों का अधिकतम तीस दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित करने की व्यवस्था की गई है।

——————————————————————————

हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिलों में भी विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडीकेट हॉल में कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। सुपौल जिले के अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास में आयोजित शिविर में विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया गया। अररिया के राजकीय पॉलिटेक्निक में आयोजित विद्यार्थी सहयोग शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी विनोद दूहन ने किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और सुझाव भी लिए। शेखपुरा के बीस शिक्षण संस्थाओं में शिविर का आयोजन किया गया। इधर, भोजपुर, अरवल समेत विभिन्न जिलों में भी विद्यार्थी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया, जहां अधिकारियों ने विद्यार्थियों की समस्याएं सुनी और उनके निदान का आश्वासन दिया।

——————————————————————————

शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण में निगेटिव मार्किंग हटाने तथा एकल परीक्षा कराने की मांग को लेकर छात्रों ने आज पटना के गांधी मैदान से मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी छात्र लोक सेवक आवास का घेराव करना चाहते थे। पुलिस ने विरोध मार्च को डाकबंगला चौराहे के समीप रोक दिया। इस बीच, प्रदर्शनकारी छात्रों और प्रशासन के बीच झड़प भी हुई। एहतियात के तौर पर कई छात्र नेताओं को हिरासत में लिया गया है।

——————————————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार छात्र हित के लिए संकल्पित है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि छात्रों की

अधिकत्तर मांगें मान ली गयी हैं और अन्य मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। उन्होंने विपक्ष पर अवसरवादी राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। उन्होंने कहा कि नियम कानून के तहत विद्यार्थियों की मांगों को पूरा किया जा रहा है। श्री कुमार ने कहा कि छात्र धैर्य रखें और विपक्ष के झांसे में न आएं।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि सरकार छात्रों के साथ संवाद की बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिसिया कार्रवाई लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने का प्रयास है।

————————————————————————————————

छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बीच गतिरोध समाप्त करने की कोशिशें भी तेज कर दी गयी हैं। विभिन्न छात्र संगठनों से जुड़े छात्र नेताओं ने आज अपनी मांगों को लेकर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। मुख्य सचिव ने भरोसा दिया है कि छात्रों की मांगों को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के समक्ष रखेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पर सकारात्मक जवाब दिया जाएगा।

————————————————————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष आयोजित होने वाली सीटीईटी परीक्षा स्थगित कर दी है। बोर्ड ने जारी सूचना में कहा है कि एक सितम्बर से सीटीईटी आवेदन पोर्टल फिर खोला जाएगा और आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही परीक्षा की संशोधित तिथि की घोषणा की जाएगी।

————————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ परीक्षा का विज्ञापन फिर से जारी करेगा। आयोग ने कहा है कि इससे नये अभ्यर्थियों को आवेदन करने का मौका मिलेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज एनीमिया मुक्त बिहार अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान तीस नवम्बर तक चलेगा। पटना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि अभियान के तहत बड़े पैमाने पर लोगों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है।

——साउंड बाइट——

एनीमिया मुक्त अभियान के तहत बीमारी की जांच, उपचार, पोषण संबंधी परामर्श और गंभीर मरीजों को उच्चतर स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

————————————————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने आज पटना में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के दौरान समाज कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग और कृषि विभाग समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में एग्री स्टैक, किसान रजिस्ट्रेशन, पीएम सूर्यघर योजना और टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए अलग—अलग विभागों के बीच समन्वय बनाने पर बल दिया है।

————————————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय झा की अगुआई में परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने आज बिहार दौरे के तीसरे दिन नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। उन्नीस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी, शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया। सांसदों ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रम, शोध, अकादमिक सहयोग और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी समुदाय के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सदस्यों ने नालंदा की एतिहासिक विरासत को आधुनिक वैश्विक शिक्षा और शोध से जोड़ने की विश्वविद्यालय के प्रयासों की जानकारी ली और इसे सराहा।

———————————————————————

सूक्ष्म, लघु और खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए बिहार को सर्वश्रेष्ठ राज्य का सम्मान मिला है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार एम.एस.एम.ई. और खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक अमन समीर को यह सम्मान सौंपा। राज्य ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना–पी.एम.एफ.एम.ई. के तहत सबसे अधिक संख्या में स्वीकृतियां प्राप्त की हैं।

———————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता प्रदेश के विभिन्न भागों में बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज बक्सर और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, गोपालगंज, सीवान और पश्चिम चंपारण जिले में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है।

––साउंड बाइट––

———————————————————————

उत्तर भारत में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर राज्य में बक्सर से लेकर कहलगांव तक कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भागलपुर और कहलगांव में बढ़ा है, जबकि बक्सर, पटना के दीघा घाट और मुंगेर में कमी दर्ज की गयी है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में, गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में लाल निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————

केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने बछवाड़ा प्रखंड में बाढ़ की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी और बाढ़ नियंत्रण में जुटे अधिकारियों से फोन पर जानकारी प्राप्त की। श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जाए और आवश्यकता अनुसार लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

———————————————————————

आज पूर्व मुख्यमंत्री और मंडल आयोग के अध्यक्ष बी.पी. मंडल की जयंती है। इस अवसर पर पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, स्वर्गीय बी.पी. मंडल के पैतृक स्थान मधेपुरा जिले के मुरहो में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, स्थानीय विधायक प्रोफेसर चंद्रशेखर, निरंजन मेहता समेत अन्य गणमान्य लोगों ने उनके समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

———————————————————————

गोपालगंज के बैकुंठपुर में बाबा धनेश्वरनाथ सिंहासिनी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्व एंव भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल और शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आज भोजपुर जिले के विभिन्न स्कूलों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने बढ़ते साइबर फ्रॉड से बचाव की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. देश में यूपीआई की शुरूआत के दस साल पूरे हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – डिजिटल क्रांति पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए।

02 मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज वैशाली के बिदुपुर से विद्यार्थी सहयोग शिविर की शुरूआत की। हर महीने के चौथे मंगलवार को लगेगा शिविर।

03. शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा – छात्रों की अधिकतर मांगें मान ली गयी हैं। विपक्ष के झांसे में न आएं छात्र।

04. और, गंगा नदी में उफान से बक्सर, पटना, खगड़िया, मुंगेर और भागलपुर के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात। प्रशासन सतर्क।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।